हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 21 मार्च 2026

04 नपा में एक दिन, सिस्टम ने नहीं बल्कि इंसानियत...



07 अब जिला अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी...






## समाचार संक्षेप

### बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में ऑटो चालकों की बैठक आयोजित, शपथ दिलाई गई



**गुना ।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं । इसी क्रम में आज बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा थाना क्षेत्र में सभी ऑटो चालकों को थाने पर आमंत्रित कर एक बैठक आयोजित की गई । इस दौरान बजरंगगढ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सभी ऑटो चालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिनमें वाहन चलाते समय सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, तेज गति से वाहन न चलाने, समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने तथा सार्वजनिक मार्गों पर ऑटो खड़ा न करने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर विशेष जोर दिया गया । इसके अतिरिक्त ऑटो चालकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे सायबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए । साथ ही नशा मुक्ति, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई ।

### गुना पुलिस ने 24 घंटे में हत्या के आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया



**गुना ।** ग्राम माहौर में पुरानी रंजिश के चलते हुई हत्या और हमला प्रकरण में गुना पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना में धनपाल केवट, उसकी मां और बड़े भाई संतोष केवट पर हमला किया गया, जिसमें संतोष केवट की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने सभी आरोपी 5 वयस्क और 3 बालक को हिरासत में लिया। वयस्क आरोपियों को न्यायालय और बालकों को बाल न्यायालय में पेश किया गया।इस तत्पर कार्रवाई में निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत और आरक्षकों शिवदयाल वर्मा, विक्रांत जाटव, अमित, देवेन्द्र और गोविन्द का विशेष योगदान रहा।

### निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले अनिवार्य सूचना दें, न देने पर कार्रवाई संभव

**गुना ।** श्रम विभाग ने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा और श्रमिक कल्याण सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। किसी भी भवन या निर्माण कार्य की शुरुआत से कम से कम 30 दिन पहले नियोजक को निरीक्षक को स्थल, कर्मचारियों की संख्या, सुरक्षा उपाय और अन्य आवश्यक जानकारी साझा करना अनिवार्य है।निर्माण स्थल की जानकारी एमपीबीओसीडब्ल्यू पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है। सूचना न देने पर नियोजक पर जुर्माना 2,000 रुपए तक, तीन महीने तक कारावास, या दोनों हो सकते हैं।नागरिक किसी भी निर्माण स्थल की जानकारी देने या शिकायत करने के लिए कंट्रोल रूम नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**गुना ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुदृढीकरण करने हेतु तथा कालाबाजारी करने वाले के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान शहबाजपुर तहसील आरोन के विक्रेता चन्द्रभान यादव के विरुद्ध खाद्यान्न का अपयोजन करने के कारण पुलिस थाना आरोन में ईसी एक्ट के तहत एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, आरोन द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान शहबाजपुर (आरोन) के विक्रेता चन्द्रभान सिंह द्वारा दुकान को आवंटित मात्रा में से गेंहू 163.67 क्विंटल, चावल 38.22 क्विंटल, नमक 71 किग्रा. एवं शक्कर 88 किग्रा. का अपयोजन कर (डायवर्सन) कर कालाबाजारी करने की अनियमिततायें की गई।

# गुना में आज मनेगी ईदः अकीदत के साथ अदा की गई दूसरी 'अलविदा जुमा' की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

इबादत और बरकतों का मुकद्दस महीना रमजान अब विदा हो रहा है और आज पूरे जिले में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को चांद नजर न आने के कारण इस बार रमजान का महीना 30 दिनों का पूरा हुआ, जिसके चलते शुक्रवार को मस्जिदों में एक बार फिर 'अलविदा जुमा' (रमजान का आखिरी शुक्रवार) की नमाज अदा की गई। यह एक दुर्लभ संयोग रहा कि इस साल मोमिनों को दो बार अलविदा जुमे की नमाज का सबाब हासिल हुआ।मस्जिदों में उमड़ा जनसैलाब शुक्रवार को शहर की प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ देखी गई। उलमाओं के अनुसार, रमजान में नेक कार्यों का फल 70 गुना बढ़ जाता है, इसलिए विदाई की घड़ी में मुस्लिम समाज के लोग भावुक भी दिखे और खुदा की इबादत में मशगूल रहे। शहर काजी नूर उल्लाह यूसुफ जई ने बताया कि ईद अल्लाह की तरफ से बंदों के लिए एक इनाम है। उन्होंने अपील की है कि नमाज से



पहले अपनी सामर्थ्य अनुसार जकात, सदका और फितरा जरूर अदा करें ताकि समाज के गरीब तबके के लोग भी खुशी-खुशी ईद मना सकें।आज शहर में नमाज का समयईद की मुख्य नमाज के लिए जिला मुख्यालय पर करीब 15 स्थान तय किए गए हैं। प्रशासन और मस्जिद कमेटियों ने सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रमुख स्थानों पर नमाज का समय इस प्रकार रहेगाःजामिया इब्ने अब्बास (बरबटपुरा): सुबह 8:00 बजेमदीना मस्जिद व मंसूरी मस्जिदः सुबह 8:30 बजेघोसीपुरा व कैंट ईदगाहः सुबह 8:30 बजेमक्की मस्जिद (तलैया मोहल्ला): सुबह 9:15 बजेहड्डी मिल ईदगाहः सुबह 9:00 बजेछावनी ईदगाहः सुबह 10:00 बजे (अंतिम दौर)बाजारों में रौनक और उत्सव का माहौलईद को लेकर बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं है। सेवइयां, सूखे मेवे और नए कपड़ों की खरीदारी के लिए देर रात तक कर्नलगंज और सदर बाजार गुलजार रहे।

घरों में विशेष पकवान जैसे शीर-खुरमा और बिरयानी बनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। बच्चों में ईदी और नए कपड़ों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। मस्जिदों और ईदगाहों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है, जिससे पूरे शहर में जश्न का माहौल है।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ मां ने ही बच्ची को छोड़ दिया था लावारिस

# खोई हुई मासूम को पाकर पिता के नैनों से बह निकली अश्रु धारा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

छै सात साल की एक मासूम बच्ची से लिपटकर फूट-फूट कर रो रहा एक पिता, पास में खड़े हैं एसपी अंकित सोनी और कुछ और पुलिस अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद हैं ,यह दृश्य एसपी ऑफिस के भीतर शुक्रवार दोपहर में देखने को मिला जिसने सभी को भावुक कर दिया। दरअसल खोई हुई बच्ची जब कई दिनों के बाद पिता की गोद में वापस पहुंची तो पिता के नैनों से खुशियों की अश्रु धारा बहने लगी ,गला रुंध चुका था और मुंह से शब्द भी स्पष्ट उच्चारण करने में असमर्थ थे लेकिन बिना कहे जो बात सबको समझ में आ रही थी वह यही थी कि दुनिया में औलाद से बड़ी दौलत कोई नहीं और उसे बिछड़ कर पाने के बाद जो खुशी मिलती है उसके आगे भी दुनिया की हर खुशी छोटी है। सुरक्षा बल आरपीएफ की सतर्कता और मानवीय पहल का सराहनीय उदाहरण सामने आया। स्टेशन परिसर में एक 6-7 वर्षीय बालिका अकेली और गुमसुम अवस्था में बेंच पर बैठी मिली, जिसे समय रहते सुरक्षित संरक्षण में पहुंचाया गया।

ड्यूटी पर तैनात एएसआई विनोद कुमार निमेष, कॉन्स्टेबल संदीप सैनी एवं हेड कॉन्स्टेबल हेमराज मीना की नजर बालिका पर पड़ी। पूछताछ करने पर वह अपने बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी और खुद को अकेला बताया। इसके बाद उसे आरपीएफ पोस्ट गुना लाया गया।महिला आरक्षक स्नेहा यादव ने बालिका को भोजन उपलब्ध कराया और सहानुभूतिपूर्वक बातचीत की। धीरे-धीरे बालिका ने अपना नाम रानी उर्फ राखी माली, पिता सुंदर माली, माता मीना देवी, निवासी राजा कोठी, जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) बताया। आरपीएफ द्वारा स्टेशन परिसर में उसके परिजनों की तलाश की गई, लेकिन कोई भी परिजन नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना किशोर पुलिस इकाई एवं चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को दी गई। निर्देशानुसार बालिका का जिला चिकित्सालय गुना में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके बाद उसे संरक्षण के लिए मां स्वरूप आश्रम (रेड क्रॉस सोसाइटी), को सौंप दिया गया।आरपीएफ किशोर पुलिस आई एवं चाइल्ड वेलफेयर कमिटी ने संयुक्त प्रयास करके बालिका के परिजनों को खोज निकाला । बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एसआई ज्योति राजपूत ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।परिजनों ने बताया कि बच्ची की मां मानसिक रूप से अस्वस्थ है बच्चों को उसने ही लावारिस छोड़ दिया था जिससे वह भटककर गुना पहुंच गई लेकिन यहां पुलिस विभाग की तत्परता के चलते एक बच्ची को फिर से अपना परिवार मिल गया।

बच्ची के पिता ने पुलिस विभाग की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संवेदनशील कार्यशैली लोक हित और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से एक मासूम बालिका को उसका परिवार मिल सका, जिसकी स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

## डकैती और जानलेवा हमले से दहशत में व्यापारी, पुलिस कार्रवाई न होने का आरोप

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के ग्राम धनियां क्षेत्र में हाल ही में हुई डकैती और जानलेवा हमले की घटना से व्यापारी वर्ग में भय और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित चंचल सोनी एवं नंदकिशोर सोनी के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे दर्जनों व्यवसाईयों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 फरवरी 2026 को शाम करीब 7 बजे दोनों भाई अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तीन बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर हमला कर दिया। बदमाशों ने मारपीट करते हुए उनके पास रखा सोना-चांदी से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। हमले में दोनों भाई घायल हो गए।पीड़ितों ने घटना की सूचना तत्काल जामनेर पुलिस को दी, लेकिन आरोप है कि अब तक पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

इस घटना के बाद क्षेत्र के दुकानदारों और व्यापारी वर्ग में दहशत का माहौल है।व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

## खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई जारी, 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी है।

प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में नियमित निगरानी के साथ छापामार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में सिरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की। कार्रवाई के दौरान बिना रॉयल्टी रेत का परिवहन करते हुए पाए गए 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को थाना सिरसी परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।उक्त कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अमला एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## बहुत जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे ऑफिसर्स कॉलोनी से महिला की चेन झपटने वाले

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि बदमाश कितना ही शातिर क्यों ना हो वह पुलिस की पहुंच से बच नहीं सकता। यानी एक न एक दिन कानून के लंबे हाथ उसकी गर्दन तक पहुंच ही जाते हैं।जी हां शारदा स्कूल के निकट ऑफिसर्स कॉलोनी में महिला के गले से चेन छीन कर भागने वाले झपट मार जल्दी ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऑफिसर्स कॉलोनी रोड पर मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे लूसन बगीचा निवासी सीमा यादव रोजाना की तरह टहलने निकली थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और उनके गले से सोने की चैन झपट ली।



महिला ने साहस दिखाते हुए विरोध किया, लेकिन बदमाशों ने चाकू दिखाकर उन्हें डराया और मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी को जैसे ही घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल अपने सभी तंत्र सक्रिय कर दिए बदमाशों की तलाश शुरू हो गई ।तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए पुलिस बदमाशों के बहुत करीब जा पहुंची है। और आने वाले एक-दो दिनों में दिनों में बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस ने अपने मुंखविर तंत्र को सक्रिय करते हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से योजनाबद्ध रणनीति पर काम करते हुए बदमाशों का पता लगा लिया है ।और उन्हें ट्रेस भी कर लिया है। बस अब उनकी गिरफ्तारी शेष रह गई है। उनके भागने के सारे रास्तों पर भी पुलिस का पहरा और पैनी नजर लगी हुई है। यूं कहा जा सकता है कि जैसे ही बिलों से बाहर निकलेंगे तुरंत दबोच लिए जाएंगे।

#### इनका कहना है

हम बदमाशों के बहुत करीब पहुंच चुके हैं एक-दो दिन में ही इस पूरे मामले का खुलासा कर देंगे।

--**अंकित सोनी** पुलिस अधीक्षक गुना

### सीएम हेल्प लाइन निराकरण में 100 प्रतिशत सफलता

**आरोन**-आरोन नगर परिषद ने सीएम हेल्पलाइन में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की है, यह एक बड़ी उपलब्धि है। इससे स्पष्ट होता है कि आरोन नगर परिषद ने शिकायतों के निपटारे में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जानकारी देते हुए सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि नगर परिषद आरोन ने नगर परिषद अंतर्गत सीएम हेल्प लाइन की समस्याओं का निराकरण कर गुना जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर 100 प्रतिशत सफलता हासिल कर ए ग्रेट प्राप्त की है इस उपलब्धि में नगर परिषद की संपूर्ण टीम का पूरा योगदान है । वहीं परिषद का उद्देश्य है कि नगर में किसी की कोई समस्या न रहे आगे भी परिषद द्वारा इस प्रकार के कार्य किए जाते रहेंगे।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिवर के मार्गदर्शन में जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त विकासखंडों में कुल 16 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अभियान की सतत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि एचपीवी टीकाकरण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अभियान में शिथिलता बरतने वाली आशा एवं एएनएम के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सख्त कार्यवाही के निर्देश समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में बॉटम–2 ब्लॉक सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।इसी क्रम में भदौरा सीबीएमओ डॉ. शिल्पा टाटिया द्वारा गुना ग्रामीण क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता सविता तोमर (सिलावटी) को टीकाकरण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।वहीं आरोन सीबीएमओ डॉ. के. एन. भीलवारे द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्र में एचपीवी टीकाकरण में लापरवाही पाए जाने पर राज बाई, फूला बाई (ग्राम झंझोंन), कृष्णा प्रजापति, शारदा अहिरवार (देवरी कला), रेखा बाल्मीकि (रामपुर)– आशा कार्यकर्ता, साथ ही अनीसा बानो (एएनएम, वार्ड क्रमांक 13) एवं उषा वर्मा (एएनएम, वार्ड क्रमांक 1) को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

## जयस्तंभ चौराहे पर ताहिरी मीठे चावल का भोग अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया

# गुना में सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाई भगवान झूलेलाल जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पूरे देश में 20 मार्च 2026 को भगवान श्री झूलेलाल जयंती और चेटी चंद्र उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी अवसर पर गुना में सिंधी समाज ने स्थानीय जयस्तंभ चौराहा पर सुबह 10 बजे भगवान झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण किया और ताहिरी (मीठे चावल) का भोग अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया।समाज के कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे और सभी देशवासियों को भगवान झूलेलाल के चरणों में नमन करते हुए



शुभकामनाएँ दीं।समाज के अध्यक्ष आनंद कृष्णानी ने भगवान झूलेलाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए दिनभर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी और सभी को शुभकामनाएँ प्रदान की।दिनभर कार्यक्रम की रूपरेखाशाम 4 – 5 बजेः गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में सुखमनी साहिब का पाठ।शाम 5 बजे बहिराना प्रज्वलन और गीत-कीर्तन। सांयकाल 7 बजे अरदास में शामिल होने के बाद 7.30 – 9.30 बजे तक लंगर सेवा। इस अवसर पर समाज के संरक्षक राजकुमार डगवानी, उत्तम दास माधवानी, अध्यक्ष आनंद कृष्णानी, सचिव संजय सोभवानी, कोषाध्यक्ष प्रदीप माधवानी, और अन्य प्रमुख सदस्य जैसे जगदीश माधवानी, अनिल माधवानी, अनूप खत्री, अमित खत्री, दौलत राम छाबड़ा, पंकज मोटवानी, विजय छाबड़ा, रहेजा ी , शबालचंद वाधवानी, हर्षित माधवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिंधी समाज ने इस अवसर को भव्य रूप से मनाकर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को लोगों तक पहुँचाने का कार्य किया।

### श्री सिद्ध पहाड़ बालाजी मंदिर में 21 कुंडिया श्री राम महायज्ञ व विराट संत सम्मेलन का आयोजन

**गुना।** श्री श्री 108 महामंडलेश्वर श्री मणिराम दास जी महाराज के सानिध्य में 21 कुंडिया श्री राम महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन 18 मई से 26 मई तक श्री सिद्ध पहाड़ बालाजी मंदिर, चोरोल में किया जाएगा।इस अवसर पर 20 मार्च को सभी संत एवं भक्तजनों ने धर्म ध्वजा फहराकर और शंखनाद करके आयोजन की शुभारंभ प्रक्रिया सम्पन्न की। महायज्ञ की रूपरेखा1 8 मई सुबह 9 बजेः कलश यात्रा गादिर गुफा से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौराहा, हनुमान चौराहा, केंट चौराहा, सिंघवासा, मावन होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी।प्रत्येक दिनःहवनः सुबहराम कथाः दोपहर 2 बजेरामलीलाः रात्रि 8:00 बजे, मंचन श्रीधाम वृंदावन से आई मंडली द्वाराभंडाराः प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। 26 मई : महायज्ञ का समापन और महाप्रसाद भंडारा। अपील एवं उपस्थितजनकार्यक्रम में प्रमुख संत 108 श्रीराघवेंद्र दास जी महाराज (भुजरिया तालाब) ने सभी ग्रामीणों एवं शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की विनती की।जय सिंह जाट (अखिल भारतीय जाट महासभा, गुना अध्यक्ष) ने भी भक्तों से अपील की कि कलश यात्रा में ग्रामीण और शहरवासी मिलकर इसे ऐतिहासिक रूप प्रदान करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## हिंदू नववर्ष पर सेवा का संकल्प पहल के तहत छुट्टी के दिन बांटी खुशियां

# नपा में एक दिन, सिस्टम ने नहीं बल्कि इंसानियत ने किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

क्या आपने कभी सोचा है कि एक बूढ़ा पिता अपनी पेंशन के लिए कितनी बार दफ्तरों के चक्कर लगाता होगा? अपने हक के लिए एक विधवा को कितनी बार इंतजार करना पड़ता है, और एक दिव्यांग को बार-बार दरवाजे खटखटाने पड़ते हैं? लेकिन इस बार टीकमगढ़ नगर पालिका ने यह तस्वीर बदल दी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश के चलते मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिँह भदौरिया ने एक प्रेरक पहल करते हुए बुजुर्गों, विधवा महिलाओं व दिव्यांगों को अवकाश के दिन प्रशासनिक लाभ दिलाने का प्रयास किया। जिससे अवकाश होने की वजह से एकाग्र होकर जरूरतमंदों के कार्य बिना किसी विघ्न बाधा के किए जा सकें।

जब पूरा शहर छुट्टी मना रहा था, तब नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी किसी के घर की खुशियों के हिस्सेदार बन रहे थे। हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर अवकाश के दिन भी विशेष शिविर लगाकर प्रशासन ने यह साबित कर दिया कि जब सिस्टम नहीं, बल्कि इंसानियत काम करती है, तभी असली बदलाव दिखता है। हिन्दू नव वर्ष व गुढ़ी पड़वा के दिन नपा सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया ने नगर पालिका कर्मचारियों के साथ मिलकर अवकाश के दिन इंसानियत के रूप में कार्य किया। इस दौरान 178 नागरिकों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी किये गये। 41 नए पेंशन प्रकरण मौके पर स्वीकृत किये गये। 2 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही पेंशनधारी का बैंक खाता परिवर्तन कर समस्या का हल किया गया। इस पहल के बाद अब आर्थिक कमी के चलते किसी दादी की दवाई नहीं रुकेगी। किसी विधवा को अपने हक की पूर्ति के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। किसी दिव्यांग को अपने कार्य के लिये दर-दर भटकना नहीं होगा।



**कलेक्टर निर्देश पर सीएमओ ने विशेष शिविर लगाकर नववर्ष को बना दिया उत्सव**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में नगर पालिका परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसमें वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन से जुड़े लंबित प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने संवेदनशीलता के साथ हर हितग्राही की समस्या इत्मीनान से सुनी गईं और त्वरित समाधान दिया, जिससे लोगों को अपने कार्य के लिये अनावश्यक भटकने से राहत मिली है। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने कहा कि इस तरह की पहल से उन्हें समय पर योजनाओं का लाभ मिल पाता है और सरकारी व्यवस्था पर भरोसा मजबूत होता है।

**इनका कहना है...**

उत्सव शब्द को विभाजित करने पर "उत्ह का असली अर्थ होता है ऊंचाई, उन्नति व उत्कर्ष। और सव का अर्थ है ऊर्जा, प्रवाह। नगर पालिका ने इस हिन्दू नववर्ष पर सैकड़ों जरूरतमंदों की जिंदगी में यही उत्कर्ष और ऊर्जा प्रवाहित कर दी।

**विवेक श्रोत्रिय, कलेक्टर टीकमगढ़**

नगर पालिका की असली पहचान तो यही है, जहां हर शुरुआत किसी मुस्कान से होती है। अवकाश के मौके पर यही दिखाने का प्रयास किया गया। यह पहल सिर्फ एक शिविर नहीं, बल्कि एक संदेश है।

**ओमपाल सिंह भदौरिया,** सीएमओ नगर पालिका टीकमगढ़

## डीजे पर सख्ती, गाइडलाइन से बाहर बजा साउंड तो होगी कार्रवाई

# त्योहारी खुशियां बरकरार रहें लेकिन कानून की सीमा में : एसपी मंडलोई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

त्योहार की खुशियां तो बरकरार रखनी है लेकिन नियमों का पालन करते हुए कानून की सीमा के अंदर रहकर। उक्त बक्तव्य देते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने डीजे साउंड पर कार्यवाही के लिए जिला पुलिस को निर्देशित किया है। आगामी त्योहारों, जुलूसों एवं सार्वजनिक आयोजनों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों डीजे के उपयोग को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। शासन स्तर से जारी निर्देशों के पालन में जिलेभर में गाइडलाइन लागू की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अपने क्षेत्रों में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित कर शासन के नियमों, न्यायालयीन आदेशों तथा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण संबंधी प्रावधानों की जानकारी दें और उनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं।

पुलिस के अनुसार डीजे संचालन केवल निर्धारित समय सीमा और तय ध्वनि स्तर के भीतर ही किया जा सकेगा। किसी भी स्थिति में सार्वजनिक शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसी क्रम में थाना बड़ागांव में शुक्रवार को डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें आगामी त्योहारों के दौरान नियमों का पालन करने के लिए समझाइश दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति डीजे संचालन, निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि या समय सीमा का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने आमजन एवं आयोजकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करते हुए त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं आपसी सहयोग के साथ मनाएं, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।



**बाथरूम का बहाना बनाकर रात में हुई गायब**

# मात्र 20 दिन में भरोसा तोड़ 'लुटेरी दुल्हन' जेवर व नकदी समेत फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पलेरा नगर परिषद क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी के महज 20 दिन बाद ही दुल्हन ससुराल से जेवर और कीमती सामान समेटकर फरार हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। वार्ड क्रमांक 1 निवासी पुरुषोत्तम जायसवाल ने शुक्रवार को पलेरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी शादी करीब 20 दिन पहले सासाराम निवासी 21 वर्षीय संध्या कुमारी से हुई थी। घटना गुरुवार देर रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। दुल्हन ने बाथरूम जाने का बहाना बनाया और कमरे से बाहर निकली, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। जब परिजनों को शक हुआ तो उन्होंने खोजबीन शुरू की, लेकिन तब तक दुल्हन घर से गायब हो चुकी थी। पीड़ित परिवार के अनुसार, दुल्हन अपने साथ सोने का मंगलसूत्र, नाक और कान के आभूषण, चांदी की पायल अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गई। इतना ही नहीं, वह घर में रखी मोटरसाइकिल की चाबी भी साथ ले गई, ताकि उसका पीछा न किया जा सके। परिवार का आरोप है कि इस शादी को तय कराने के लिए बिचौलियों ने करीब 2 लाख रुपए लिए थे। अब उन्हें संदेह है कि यह पूरी घटना एक सुनियोजित साजिश है, जिसमें कुछ स्थानीय लोग और बिचौलिये शामिल हो सकते हैं।

पलेरा थाना प्रभारी एनडी कोंदर ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फरार दुल्हन और संदिग्ध बिचौलियों की तलाश जारी है। इस घटना ने एक बार फिर विवाह के नाम पर हो रही ठगी के संगठित गिरोहों की आशंका को उजागर किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

महिला अपराधों पर सख्ती, 13 मामलों में दोषसिद्ध, 8 को उम्रकैद

# विशेष मॉनिटरिंग टीम के गठन का असर दुष्कर्म व पॉक्सो मामलों में तेज हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में महिला संबंधी गंभीर अपराधों, विशेषकर दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में गठित विशेष मॉनिटरिंग टीम के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पुलिस द्वारा अपनाई गई इस नई व्यवस्था के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा, साक्ष्यों एवं गवाहों की सतत निगरानी तथा अभियोजन पक्ष के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इसके चलते मामलों की सुनवाई में तेजी आई है और साक्ष्य प्रस्तुतिकरण अधिक प्रभावी हुआ है।



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में गठित विशेष मॉनिटरिंग टीम के द्वारा अपनाई गई तीव्र रणनीति के चलते वर्ष 2025 में महिला अपराधों के 13 गंभीर प्रकरणों में दोषसिद्ध हुए। 8 मामलों में आरोपियों को आजीवन कारावास हुआ। 5 मामलों में 20 वर्ष तक का सश्रम कारावास की सजा दिलाई गईं। खसबात यह रही कि दोषसिद्धि दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा न्यायिक प्रक्रिया में तेजी के चलते जिले के खरगापुर, चंदेरा, पलेरा, दिगोड़ा, कोतवाली, बल्देवगढ़ एवं जतारा सहित विभिन्न थानों के मामलों में आरोपियों को सजा दिलाई गई है। विशेष मॉनिटरिंग के चलते लंबित प्रकरणों के निस्तारण में भी तेजी आई है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और गंभीर अपराधों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों को कठोरतम दंड दिलाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। पुलिस और अभियोजन टीम के समन्वय से मजबूत केस प्रस्तुति के चलते न केवल दोषसिद्धि दर बढ़ी है, बल्कि पीड़ित पक्ष का न्याय व्यवस्था पर भरोसा भी सुदृढ़ हुआ है।

# त्योहार से पहले जुआ फड़ पर पुलिस का एक्शन

**एक ही रात में दो जगह छापामार कार्रवाई, 8 गिरफ्तार, नगदी जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर लिधोरा पुलिस ने जुआ गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए एक ही रात में दो स्थानों पर दबिश देकर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में की गई।

थाना लिधोरा पुलिस ने कस्बे के बस स्टैंड के पास दबिश देकर 4 आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 2 हजार 640 नगद राशि बरामद की गई। इस मामले में जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी रात पुलिस ने एक अन्य स्थान पर भी छापा मारते हुए 4 और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 5 हजार नगद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। इस मामले में भी थाना लिधोरा में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। इस पूरी कार्रवाई में लिधोरा थाना प्रभारी संदीप चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की। सहायक निरीक्षक रविंद्र दीक्षित सहित पूरी टीम की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने स्पष्ट कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस सतत निगरानी रख रही है। त्योहारों की खुशियों में खलल डालने वालों पर कार्रवाई तय है।






# मोबाइल लोकेशन से मिली सफलता, नाबालिग बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जिले में नाबालिग गुमशुदा व अपहरण मामलों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पलेरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन की मदद से एक नाबालिग अपहर्ता को कटनी जिले से सकुशल बरामद कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में की गई।

**विशेष अभियान के तहत कामयाबी, परिजनों को सौंपते ही घर में लौटी खुशियां**

थाना पलेरा में धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज अपराध के अंतर्गत गुमशुदा या अपहरण के मामले में पुलिस लगातार सक्रिय थी। तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर टीम ने सटीक कार्रवाई करते हुए नाबालिग को कटनी से बरामद किया। बरामदगी के बाद नाबालिग को सुरक्षित उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया, जिससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी एनडी कौदर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई।

उक्त टीम में सहायक उपनिरीक्षक संतोष तिलगाम, फूलचंद्र बौद्ध, आरक्षक रमाशंकर कुशवाहा, रहमान खान साइबर सेल, मनमोहन रैदास, दीपक मिश्रा, प्रवेंद्र पटेल, लक्ष्मण पटेल, ललित कुशवाहा, नरेंद्र पटेल, अजय राजपूत, अनूप अनुरागी, नीतू विश्वकर्मा और मोनिका मुबेल सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस की तत्परता और तकनीकी सटीकता का यह उदाहरण बताता है कि संकल्प और सतर्कता के साथ काम किया जाए, तो हर चुनौती का समाधान संभव है। इस सफलता से न केवल एक परिवार की खुशियां लौटीं, बल्कि पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास भी मजबूत हुआ है।

मस्जिद निर्माण के लिए 50 बोरी सीमेंट का ऐलान

# गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल कराया रोजा इफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब की एक खूबसूरत तस्वीर सामने रखकर हिंदू-मुस्लिम एकता को मजबूत करते हुए सांसद प्रतिनिधि सुनील खटीक द्वारा नगर की जामा मस्जिद और बुलबुले हिंद मस्जिद में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बैठकर इफ्तार किया, जो आपसी भाईचारे का संदेश दे गया।

इफ्तार कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। सभी ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान माहौल पूरी तरह भाईचारे और आपसी सम्मान से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान सुनील खटीक और उनके साथियों ने मस्जिद निर्माण कार्य के लिए 50 बोरी सीमेंट दान करने की घोषणा की। उनके इस फैसले की चारों ओर सराहना हो रही है और इसे सामाजिक समरसता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं अतुल खटीक के नेतृत्व में बुलबुले हिंद मस्जिद में भी भव्य इफ्तार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम में राजेश नायक पूर्व मंडल भाजपा अध्यक्ष, मुकेश यादव पार्षद, गुलाब आदिवासी, रामकिशोर रैकवार सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।



## वीरांगना अवंतिबाई बलिदान दिवस शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# अंतिम सांस तक करती रहूंगी राजनीतिः उमा भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शौर्य, साहस और बलिदान की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर नगर में श्रद्धा, गर्व और प्रेरणा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में जनसैलाब उमड़ा और वीरांगना के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी महाविद्यालय गर्ल्स कॉलेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शिरकत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम उमाभारती ने भावुक होते हुए कहा कि मैं जब तक जिंदा हूं, तब तक राजनीति करती रहूंगी। और यह संपूर्ण राजनीति वीरांगना रानी अवंतीबाई के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए समर्पित रहेगी। इससे पहले आयोजित भव्य शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। वीरांगना के सम्मान में जयकारों और नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। लोगों ने रानी अवंतीबाई को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया। शोभायात्रा के बाद आयोजित सभा में उमा भारती ने अपने स्वास्थ्य का जिक्र करते हुए कहा कि भले ही स्वास्थ्य साथ न दे, लेकिन जनता का आशीर्वाद उन्हें निरंतर सेवा के लिए प्रेरित करता है। सभा में वक्ताओं ने कहा कि रानी अवंतीबाई का जीवन अन्याय के खिलाफ खड़े होने, आत्मसम्मान की रक्षा करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने अंग्रेजों के सामने झुकने के बजाय वीरगति को स्वीकार कर इतिहास में अमर गाथा लिखी। इस दौरान यह भी उल्लेख किया गया कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रानी अवंतीबाई ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। उनका बलिदान आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का अमिट स्त्रोत है। टीकमगढ़ की पावन भूमि पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ लड़ने, नारी शक्ति को सम्मान देने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का एक संकल्प बन गया।





## नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने शासन को पत्र लिखा

# अब जिला अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी से नया संकट खड़ा हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी के रूप में एक नया संकट खडा हो गया है। जिसके चलते जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं प्रभावित होने लगी है और मरीजों की असुविधाए बढना शुरू हो गई है। विशेष बात यह है कि डॉक्टरों की कमी की समस्या तो मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के आने के बाद से काफी हद तक दूर हो गई है, लेकिन नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने का फिलहाल कोई तोड अस्पताल प्रबंधन को नहीं मिल रहा है। इसलिए अस्पताल प्रबंधन नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए शासन स्तर पर दो बार पत्र भी लिख चुका है।

जिला अस्पताल में पलंगों की संख्या भलेही बढ गई हो,लेकिन स्टाफ की बढोतरी फिलहाल नहीं हुई है। जिसके चलते जिला अस्पताल में डॉक्टर और अन्य स्टाफ की कमी बनी हुई है। डॉक्टरां की कमी के कारण ओपीडी में मरीजों को डॉक्टरों का मिलना मुश्किल हो रहा था,जिसके चलते मरीज परेशान हो रहे थे,क्योंकि उन्हें ओपीडी में अपना इलाज कराने के लिए डॉक्टरों को ढूंढना पढ रहा था। ऐसे में मरीजों की नाराजगी अस्पताल प्रबंधन को झेलनी पड रही थी। हालांकि शासन स्तर से डॉक्टरों की पदस्थापना जिला अस्पताल में नहीं की गई है,लेकिन मेडिकल कॉलेज श्योपुर में पदस्थ हुए डॉक्टरों के जिला अस्पताल में आकर ड्यूटी करने की सुविधा से ओपीडी में डॉक्टरों के न मिलने की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है। लेकिन अब जिला अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी के रूप में एक नया संकट खडा हो गया है। अस्पताल के सूत्रों की माने तो जिला अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के रूप में 100 पद स्वीकृत है। लेकिन पदस्थापना सिर्फ 75 के आसपास ही बनी हुई थी। लेकिन धीरे धीरे करके नर्सिंग स्टाफ की संख्या अब कम होती जा रही है। स्थिति यह है कि फिलहाल 100 पदों के मुकाबले 70 के आसपास ही नर्सिंग स्टाफ जिला अस्पताल में रह गया है।




### 200 बेड स्वीकृत, 280 बेड लगे

अस्पताल प्रबंधन की माने तो फिलहाल श्योपुर जिला अस्पताल 200 बेड का जिला अस्पताल है। लेकिन वर्तमान में जिला अस्पताल में 280 के करीब बेड लगे हुए है। वहीं मौसम के बदलाव को देखते हुए जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढती जा रही है। ऐसे में जिला अस्पताल को करीब 200 नर्सिंग स्टाफ की जरूरत महसूस हो रही है। लेकिन इसके बाद भी जिला अस्पताल में फिलहाल नर्सिंग स्टाफ के 100 ही पद स्वीकृत है और पदस्थी तो 70 के आसपास ही रह गई है।

### किसी का ट्रांसफर तो कोई चली गई ट्रेनिंग पर

जिला अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी होने की दो वजह सामने आई है,जिनमें ट्रांसफर और ट्रैनिंग बताई गई है। बताया जा रहा है कि किसी नर्सिंग स्टाफ का श्योपुर जिला अस्पताल से दूसरी जगह ट्रांसफर हो गया है तो कोई ट्रैनिंग पर चली गई है या फिर जाने की तैयारी कर रही है। जिसके चलते जिला अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की संख्या में कम होती जा रही है। जिसका असर वार्डो में भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर पड रहा है। बता दें कि वार्डो में भर्ती मरीजों को चिकित्सीय लाभ डॉक्टरों की देखरेख में नर्सिंग स्टाफ ही उपलब्ध कराता है। जब नर्सिंफ स्टाफ कम होगा तो मरीजों को सुविधाएं मिलने में भी असुविधाएं होगी।

### इनका कहना...

हां, नर्सिंग स्टाफ की कमी होती जा रही है। जिसे दूर करने के लिए हमने शासन स्तर पर पत्र लिख दिया गया है। फिलहाल हम उपलब्ध नर्सिंग स्टाफ के जरिए ही मरीजों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे है।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन,श्योपुर**

## ईदगाह सहित 7 मस्जिदों में पढ़ी जाएगी ईद की नमाज़

# जुमातुल विदा पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियो की भीड़, ईदुल फितर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



रमजान के चौथे शुक्रवार को जुमातुल विदा की नमाज पढ़ने के बावजूद इस बार पांचवे शुक्रवार को भी जुमा तुल विदा (रमजान माह का अंतिम जुमा) मानकर पढ़ा गया। मुस्लिम समाज के अधिकतर लोगों को उम्मीद थी कि गुरुवार को चांद दिखाई दे जाएगा जिसके चलते शुक्रवार को ईद हो जाएगी लेकिन गुरुवार को चांद दिखाई नहीं पड़ने पर ईदुल फितर शनिवार को मनाई जा रही है यही कारण रहा कि रमजान माह में पडने वाले पांचवे शुक्रवार को भी जुमा तुल विदा मानकर पढ़ा गया। उधर ईदगाह सहित 7 मस्जिदों में पढ़ी जाने वाली ईद की नमाज की तैयारी मस्जिद कमेटियों ने पूरी कर ली है।

जुमातुल विदा पर मस्जिदों में आने वाले नमाजियों की भारी भीड़ से मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए जगह कम पड़ गई। जिसके चलते मस्जिद कमेटियों को कहीं मस्जिद के बाहर तो कहीं मस्जिदों की छतों पर टेंट लगाकर नमाज अदा करानी पड़ी। वैसे तो मुसलमान रोजाना 5 वक्त की नमाज अदा करते हैं। इस नमाज में बस्ती के लोग पांच बार मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं। जुमे की नमाज सप्ताह में बार ओर खास मस्जिदों में ही आयोजित की जाती है। इसलिए इस नमाज में अधिक लोग एकत्रित होते हैं। जामा मस्जिदों में आयोजित होने वाली जुमे की नमाज में वह लोग भी नमाज अदा करने पहुंचते हैं जो रोजाना नमाज नहीं पढ़ते हैं। रमजान माह में तो यह संख्या लगभग दोगुनी हो जाती हैं। जमातुल विदा पर तो वो लोग भी नमाज पढ़ने पहुंच जाते हैं जो कभी नमाज पढ़ते ही नहीं है। इससे मस्जिदों में नमाजियों की संख्या बढ़ जाने से कई मस्जिदों में टेंट लगाने की जरुरत पड़ी। कई मस्जिदों की छत पर टेंट लगाकर नमाज अदा कराई। शहर में दो दर्जन से अधिक मस्जिदों में जुमा की नमाज़ अदा की गई जिनमें जामा मस्जिद सब्जी मंडी, जामा मस्जिद जमातखाना, मर्सज़िद हम्मालान, मस्जिद खान सैयद किला, मस्जिद सेवइयांन, मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा आदि मस्जिदें प्रमुख है।

### कब कितने बजे होगी ईद की नमाज

| मस्जिद का नाम | समय |
|---|---|
| ईदगाह | सुबह 9:30 बजे |
| जामा मस्जिद | सुबह 8:30 बजे |
| मस्जिद कुमेदान | सुबह 8:45 बजे |
| मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा | सुबह 8:00 बजे |
| मस्जिद खान सैयद किला | सुबह 8:15 बजे |
| मस्जिद बस स्टेण्ड के पीछे | सुबह 8:00 बजे |
| मस्जिद सलापुरा | सुबह 8:30 बजे |
| मस्जिद नारनोल किला | सुबह 9:15 बजे |

## रीछी के हनुमान मंदिर पर 27 तक चलेगा श्रीराम महायज्ञ

# 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ प्रारंभ, विश्व शांति और कल्याण के लिए हवनकुंड में दी आहुतियां


हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



वनांचल के ग्राम रीछी के पेली पार स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर में शुक्रवार को भक्ति और श्रद्धा के माहौल के बीच 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। यज्ञ के आरंभ अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मुख्य यजमानों ने सपत्नीक हवन कुंड में विधि-विधान से बैठकर विश्व शांति और कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कीं।

गुरूवार को कलश यात्रा निकालने के बाद शुक्रवार की सुबह ठीक 9 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ प्रक्रिया शुरू हुई, जो दोपहर 12 बजे तक निरंतर जारी रही। मंत्रों की गूंज और हवन की पवित्र अग्नि से पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं ने भी पूरे उत्साह के साथ यज्ञ में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। इसके साथ ही क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओं ने हवन कुंड की परिक्रमा कर धर्मलाभ लिया। 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयेजन देवरी धाम के महामंडलेश्वर रामदास महाराज एवं संत बालकनंद महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। आयोजन समिति के अनुसार यह महायज्ञ 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन वैदिक रीति से 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी।

# आनंद उत्सव की फोटो वीडियो प्रतियोगिता में राजा खान पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा गत दिनों आयोजित आनंद उत्सव 2026 कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के फोटो वीडियो अपलोड करने की प्रतियोगिता में श्योपुर के आंनदक राजा खान को प्रदेशभर में द्वितीय पुरस्कार मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भोपाल में आयोजित आनंद के आयाम कार्यक्रम के दौरान यह पुरस्कार राजा खान को प्रदान किया गया। इसके तहत उन्हें 15 हजार रूपये की राशि तथा शील्ड पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई है। उल्लेखनीय है कि आनंद उत्सव कार्यक्रम के फोटो वीडियों अपलोड करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, श्योपुर जिले में आनन्द उत्सव के दौरान हुए कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के फोटोग्राफ एवं वीडियो अपलोड करने में राजा खान को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

# प्रेमसर स्कूल के विद्यार्थियों ने किया मेडिकल कॉलेज और कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



उच्च शैक्षिणक संस्थानों के भ्रमण कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमसर के छात्र छात्राओं ने शासकीय मेडिकल कॉलेज श्योपुर और कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र बडौदा का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सत्यनारायण गर्ग की देखरेख में भ्रमण पर निकले स्कूली छात्र छात्राओं ने अपने भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत कलारना रोड स्थित श्री खाटूश्याम जी मंदिर पर दर्शन करने के साथ की। इसके बाद मेडिकल कॉलेज का भ्रमण करते हुए छात्र छात्राओं ने डॉक्टर बनने की पढाई करने के संबंध में जानकारी हांसिल की। जहां उन्हें मेडिकल कॉलेज के डीन के द्वारा इस संबंध में छात्र छात्राओ को जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें जिज्ञासाओ को भी शांत किया। मेडिकल कॉलेज के बाद विद्याथी बडौदा स्थित कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र भी पहुंचे। जहां विद्यार्थियों ने जैविक खेती के लाभ और उपज की विभिन्न किस्मो, पशु पालन, मुर्गी पालन, आदि के बारे में विस्तार से जानकारी हांसिल की। इसके बाद विद्यार्थियों ने चंद्रसागर महादेव मंदिर के दर्शन करने और यहां सहभोज किए जाने के बाद अपने भ्रमण कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तोमर, दिनेश जाटव, संतोष शर्मा, हेमलता गंगवाल, रेखा यादव, राजेन्द्र कुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

### आरटीआई अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण 23 से

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में सूचना का अधिकार अधिनियम अंतर्गत विभागों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 23 और 24 मार्च को ई-दक्ष केंद्र श्योपुर में आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण 23 एवं 24 मार्च को प्रातः 11 बजे से शाम 06 बजे तक ई-दक्ष केंद्र में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में वन मंडल कूनो एवं सामान्य, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, फूड विभाग, जलसंसाधन, आईटीआई कॉलेज श्योपुर, पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर, मत्स्य विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, परिवहन विभाग, जेल विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंजीयन एवं मुद्राक विभाग, पीएचई, सहकारिता, श्रम, सामाजिक न्याय, उद्यानिकी, आबकारी, ग्रामोद्योग आदि विभागों के लोक सूचना अधिकारी अथवा सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा नामित कर्मचारी भाग लेंगे।

### जांच के बाद घुडसवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

श्योपुर। कोतवाली थाना पुलिस ने जांच के बाद एक घुडसवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम जैदा निवासी शंकर बैरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घुडसवार शोएब पुत्र आरिफ खान निवासी बगवाज ने घोडी दौड प्रतियोगिता के बाद अपनी घोडी के लापरवाही से दौडाते हुए शंकर बैरवा के पिता नरसिया बैरवा पर घोडी चढा दी,जिससे नरसिया बैरवा जख्मी हो गया। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में घुडसवार शोएब के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## राहगीरों को कराया स्वल्पाहार, पिलाया शरबत

# सेवाभाव से मनाई सिंधी समाज ने भगवान झूलेलाल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




सिंधी समाज के इष्ट देव माने जाने वाले भगवान झूलेलाल की जंयती सिंधी समाज ने शुक्रवार को सेवाभाव से मनाई। इस अवसर पर समाज ने राहगीरों को स्वल्पाहार कराने के साथ शरबत पिलाया।

पाली रोड स्थित एसडीओपी बंगले के बाहर सिंधी समाज की प्याऊ पर समाज के लोगों ने भगवान झूलेलाल की जयंती पर भंडारा आयोजित किया। सबसे पहले समाज के लोगों ने भगवान झूलेलाल के चित्र पर माला चढ़ाकर दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी। बाद में लोगों को स्वल्पाहार कराया और राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। गर्मी में लोगों ने ठंडा शरबत पीकर राहत महसूस की। ज्ञातव्य हो कि सिंधी समाज हर वर्ष भगवान झूलेलाल की जयंती इसी तरह सिंधी समाज की प्याऊ पर मनाता है।

## आंधी में टूटकर गिरे पेड़, कई जगह बिजली व्यवस्था बाधित

# फिर बिगड़ा मौसम, तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश से खलिहान में रखा गेहूं भीगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को करीब 3:30 बजे अचानक हुई झमाझम बारिश ने पूरे जिले को तर बतर कर दिया तेज़ आंधी के साथ हुई बारिश से कई पेड़ टूटूटकर बिजली की तारों पर भी गिर गए जिससे कुछ क्षेत्र में बिजली व्यवस्था भी बाधित हुई। इस समय गेहूं की फसल कटकर खलिहान में पड़ी है कई जगह खेतों में कटाई के लिए गेहूं तैयार है लेकिन लेबर अथवा मशीन नहीं मिलने से कटाई नहीं हो पा रही है जिससे फसल के भीग जाने से किसानों को न केवल परेशान हो पडेगा,बल्कि परेशानी के साथ साथ नुकसान भी उठाना पड़ेगा।

किसान नेता रामलखन हिरनीखेड़ा ने बताया कि इस समय खेतों में या तो गेहूं को काटकर मंडी ले जाने के लिए पटका हुआ है या फिर कटाई के अभाव में खड़ा है मजदूर नहीं मिलने और हार्वेस्टर मशीन की कमी होने से कटाई बाधित हो रही है कई किसानों के गेहूं तो अधिक सूख जाने से बालियों से झड़ने लगे हैं। ऊपर से बारिश ने किसानों को बर्बाद करने का काम कर दिया है जिन खेतों में गेहूं की फसल खड़ी थी वह तेज आंधी के साथ हुई बारिश से जमीन पर लेट गई है जिसमें 40 से 60 फीसद नुकसान होना तय हैं।

ऐसे खेतों में हार्वेस्टर मशीन भी नहीं चल पाएगी कुल मिलाकर बे मौसम हुई यह बारिश किसानों के लिए बर्बादी का सबब बनकर आई है।



### बाजार में भरा पानी, ग्राहक और दुकानदार परेशान

करीब पौन घंटा हुई बारिश से शहर के बाजार भी पानी से भर गए। सड़कों पर पानी भरकर दुकानों के भीतर पानी घुस गया सबसे अधिक विकराल स्थिति चूड़ी मार्केट, सब्जी मंडी, पुल दरवाजा के पास देखने को मिली चूड़ी मार्केट में तो बड़ी संख्या में महिलाएं ईद की खरीदारी के लिए पहुंची थी जिन्हें बारिश रुकने के बाद घुटने घुटने पानी में से होकर घर पहुंचना पड़ा। उधर सब्जी मंडी में भी पानी भर जाने से दुकानदारों ने आनन फानन में ऊंचे स्थान पर सब्जी को रखकर बचाया मेन मार्केट में भी दुकान तक पानी भर गया था सबसे अधिक पानी पर दरवाजा पर देखने को मिला है यहां कई नालों का पानी सड़क पर होकर निकलता है जिसमें बाइक सवार भी फिसलते देखे गए आसपास के दुकानदारों ने बाइक सवारों को बहने से बचाया।

### 75 हजार हेक्टेयर में खड़ी है गेहूं की फसल

कृषि विभाग के मुताबिक रबी सीजन के दौरान श्योपुर जिले में 74.5 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गेहूं की फसल बोई गई है। जिसका उत्पादन लगभग 347.17 हजार मीट्रिक टन होना है। हालांकि कृषि विभाग का यह अनुमानित आंकलन है जो बढ़कर 95 हजार हेक्टेयर तक भी पहुंच सकता है। ज्ञात हो कि बीते एक दशक से श्योपुर जिले में धान, सरसों ओर गेहूं मुख्य फसल होकर उपज के लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है।

### पंजीयन चालू पर खरीद नहीं होने से परेशानी

मध्यप्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं की सरकारी खरीद (एमएसपी) 2,585 + 40 (बोनस) = 2,625 प्रति क्विंटल की दर से होनी है। श्योपुर जिले में इस माह के अंतिम सप्ताह में खरीदी शुरू होने की बात कही जा रही है और खरीदी के लिए किसानों से ऑनलाइन पंजीयन कराए जा रहे हैं लेकिन खरीदी नहीं होने से किसान परेशान है ऐसे किसान जिन्हें घरों पर शादी ब्याह जैसे आयोजन के लिए पैसे की जरूरत है वह मंडी में लाकर गेहूं को बेचने को मजबूर है जो सरकार द्वारा निर्धारित की गई एमएसपी दर से कम में बिक रहा है। जो किसान गेहूं कटाई के बाद भी सरकारी खरीद होने का इंतजार कर रहे हैं थे वह इस बारिश में गेहूं भीग जाने के बाद ही अब मंडी की तरफ रुख कर सकता है क्योंकि भीगा हुआ गेहूं को रखने पर उसके सड़ने खराब होने का अंदेशा बना रहता है। ऐसे किसान धूप खिलते ही सबसे पहले गेहूं को सुखाने का काम करेंगे बाद में उसे मंडी लाकर बेचेंगे।

# भावांतर भुगतान योजना में खरीदी 23 से शुरू होगी

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में भारत सरकार की डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत सरसों फसल विक्रय करने हेतु रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों फसल के लिए पंजीकृत किसानों से सरसों फसल की खरीदी 23 मार्च से शुरू होगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में भावांतर योजना अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन भी किया गया है। इसके साथ ही मंडी स्तर पर भी समितियां गठित की गई है।

उप संचालक कृषि जीके पचैरिया ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना में सरसों फसल की खरीदी 23 मार्च 2026 से 30 मई 2026 के मध्य जिले की अधिसूचित मंडियों श्योपुर, बडौदा, विजयपुर एवं कराहल में की जायेगी। योजनांतर्गत प्रथम दो सप्ताह में विक्रय के लिए मॉडल रेट का निर्धारण, सीजन के प्रथम 14 दिवस की अवधि में प्रदेश की समस्त मण्डियों में सरसों के विक्रय मूल्य का औसत मानकर निर्धारित किया जायेगा। प्रतिदिन का मॉडल रेट मध्यरात्रि 12 बजे से ई-मंडी पोर्टल पर प्रदार्शित किया जायेगा। अधिसूचित मंडियों में (एफएक्यू मानक के अनुरूप) का बिक्री मूल्य एमएसपी से कम हो, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा घोषित औसत थोक मूल्य (मॉडल प्राइस) से अधिक हो, तो किसान को एमएसपी और वास्तविक बिक्री के अंतर की राशि प्रदाय की जाएगी। किसानों को भावांतर भुगतान की राशि डीबीटी के माध्यम से मंडी बोर्ड द्वारा भुगतान किया जाएगा। सरसों फसल का एमएसपी 6200 रूपये प्रति क्विंटल है। उन्होने बताया कि एमएसपी रेट 6200 रूपये तथा मॉडल रेट के भांवातर की राशि का भुगतान किसानों को किया जायेगा। मॉडल रेट से अधिक दर पर सरसो का विक्रय होने पर किसान को प्रदाय की गई दर और एमएसपी रेट के अंतर की राशि प्रदान की जायेगी।

### वीरपुर में युवा संगम रोजगार मेला 25 को

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन सीएलएफ कार्यालय पंचायत भवन के पास वीरपुर में 25 मार्च को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा। रोजगार कार्यालय एवं एनआरएलएम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा सेल्समैन, ऑफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 5वी से स्नातकोत्तर तक हो वे इस युवा संगम रोजगार मेले में उपस्थित होकर अपनी योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साहू मोहल्ला निवासी करण साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवम साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी करण रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अन्नू बाल्मीक, भूरा बाल्मीक और रवि शर्मा ने फरियादी व उसके भाई और पिता के साथ उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अमन बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करण और बबलेश रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्रीराम सिटी कॉलोनी निवासी जगदीश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिगरी निवासी धनपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबाबू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रामबाबू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि धनपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भगवानपुर निवासी करतार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सीताराम यादव, मनीष और अनीता यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी राधा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुरेश, लालाराम और गुडडी बाई अहिरवार ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### 160 फीट केवल चोरी कर आरोपी भागा

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम रेहटवास निवासी गगनदीप संधु ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कल्ला अहिरवार निवासी रतवास फरियादी के खेत पर बने कुए से 160 फुट विधुत केवल चोरी करके फरियादी को आता देख वहां से भाग गया।

### युवक ने स्वयं के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाई

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में कुकावली गांव के एक 30 वर्षीय युवक महेन्द्र पुत्र छोटेलाल दांगी को झुलसने के बाद उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जहां युवक ने आरोप लगाया है कि उसके मकान का निर्माण चल रहा है, उसके ताऊ और उनके पुत्र उसे काम नहीं करने दे रहे हैं। मकान को लेकर विवाद किए जाने के बाद युवक ने यह कदम उठाया, बताया गया है कि युवक ने अपनी बाईक में से पेट्रोल निकाला और स्वयं पर डाल लिया। इस घटना में जैसे ही युवक चीखा तब परिवारजनों ने पानी डालकर आग बुझाई। युवक के शरीर का काफी हिस्सा जल गया, जिसके बाद परिवार जन उसे उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हिंदू नव वर्ष मनाया गया

**अशोकनगर।** अशोकनगर स्थानीय गांधी पार्क पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारत माता की आरती का आयोजन किया गया एवं पटाखे ढोल नगाड़े बजाकर नया वर्ष मनाया। नगर के स्वयंसेवकों ने भारत माता की आरती की गई जिसमें ऋषभ जैन नगर संचालक पूर्व विधायक जजपाल सिंह, काका गावेश्वरी के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा मुकेश परिहार महावीर बस्ती के सह प्रमुख विश्व हिंदू परिषद के डॉक्टर दीपक मिश्रा डॉक्टर सुषमा गोयल प्राचार्य तरण रस्तोगी श्रीनाथ पलिया नगर से करवा नगर प्रचारक भावेश के मार्गदर्शन में भारत माता की आरती की गई।

---

कोटि सूर्य उपासना व सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन

# जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी सरोवर पर श्रमदान किया गया





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक मंचन का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन अशोकनगर में पूर्व मंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में उपासन मंत्र का उच्चारण स्कूली छात्रों द्वारा किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा ब्रह्मध्वज की पूजन की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गायन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने सृष्टि के आरंभ दिवस, गुड़ी पड़वा, नववर्ष विक्रम संवत 2083 के आरंभ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की जीवित रखना हम सभी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की परम्परा के प्रति बच्चों को जागृत कर संस्कार प्रदान किये जाएं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा विक्रमोत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर भावी पीढियों के लिए संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महान सम्राट विक्रमादित्य ने ऐसी परंपरा स्थापित की जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। विक्रमोत्सव की ख्याति तेजी से बढ़ रही है। उज्जैनी काल गणना का केंद्र रही है। हमारे सभी त्योहार मंगल तिथियों पर आते हैं जो विक्रम संवत पर आधारित हैं।

उन्होंने कहा कि विक्रम संवत भारत का एक प्राचीन और प्रमुख चंद्र-सौर कैलेंडर है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर (ईस्वी सन) से 57 वर्ष आगे चलता है। इसकी शुरुआत 58 ईसा पूर्व में उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय पाने के बाद की थी। यह हिंदू नव वर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के साथ शुरू होता है। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुभकामनाएं देते हुए विक्रमोत्सव-2026 के आयोजन में निहित भावों और इसकी रूपरेखा पर प्रकाश डालते विस्तृत जानकारी दी।



#### सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन किया



कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन भी किया गया। इस दौरान सभी नाट्य कलाकारों का सम्मान किया। इस दौरान भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तक का विमोचन कर वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर एवं बृजविहारीलाल श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य,पार्षद शालिनी खैरा सहित अधिकारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

#### अभियान का शुभारंभ किया

19 मार्च से 30 जून तक प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया है। अभियान के तहत कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत मोहरीराय में पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग ,तालाब गहरीकरण ,गौशाला में पानी की टंकी आदि जल संरक्षण के कार्यों का भूमिपूजन एवं श्रमदान किया। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से जल संरक्षण अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिये जाने का आव्हान किया एवं निजी मकानों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने की अपील आमजन से की। उन्होंने सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए। सभी नलकूपों पर रिचार्ज पिट निर्माण किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर देवकीनंदन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव, तहसीलदार अशोकनगर भारतेंदु यादव ,विनोद गंगवाल कार्यपालन यंत्री, प्रतापभान सिंह यादव,अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

**तुलसी सरोसर तालाब पर साफ-सफाई कर किया श्रमदान** जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर गुरूवार को तुलसी सरोवर तालाब में कलेक्टर साकेत मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डीएन सिंह, जनप्रतिनिधि सहित नगर पालिका अशोकनगर एवं जन अभियान परिषद की संयुक्त टीम द्वारा साफ सफाई कर श्रमदान किया गया।

---

## दुष्कृत करने वाले सौतेले पिता व सहयोगी मां को 20 साल की सजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत एक 11 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कृत करने वाले सौतेले पिता और सहयोगी माता को न्यायालय द्वारा 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.09.2024 को थाना शाढ़ौरा में एक 11 वर्षीय नाबालिग बालिका द्वारा उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 15.09.2024 की रात्रि में, जब वह अपने घर पर अपने सौतेले पिता के साथ अकेली थी व उसकी माता को आरोपी पिता द्वारा घटना दिनांक के एक दिन पूर्व मायके छोड़ दिया था, घटना दिनांक में आरोपी ने रात्रि लगभग 8 बजे गंदा कृत्य किया। घटना के उपरांत आरोपी द्वारा पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने का दबाव बनाया गया। पीड़िता द्वारा साहस का परिचय देते हुए अपनी माता को घटना के संबंध में बताया, किन्तु उसकी माता द्वारा भी उसे चुप रहने एवं किसी को जानकारी न देने हेतु दबाव डाला गया। पीड़िता ने थाना शाढ़ौरा पहुँचकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। तत्कालीन थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। उपनिरीक्षक संध्या रघुवंशी द्वारा पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, साथ ही आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर डीएनए सैंपल लिए गए। विवेचना के दौरान घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए गए, जिन्हें फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। प्राप्त डीएनए रिपोर्ट आरोपी के विरुद्ध पुष्टिकारक सिद्ध हुई। प्रकरण में पीड़िता के कथन न्यायालय में धारा अनुसार दर्ज कराए गए, जिसमें उसने आरोपी पिता द्वारा किए गए घृणित कृत्य एवं माता द्वारा सहयोग करने की पुष्टि की। सम्पूर्ण विवेचना पूर्ण कर दिनांक 08.11.2024 को विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के पश्चात विशेष न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध पाया गया। 'आरोपी पिता को धारा 5(एल), 5(एम)(एन), 5(जे) सहपठित धारा 6 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत ''20 वर्ष का सश्रम कारावास'' एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।'साथ ही धारा 351(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अतिरिक्त 02 वर्ष का कारावास एवं अर्थदंड'' प्रदान किया गया। आरोपी माता को धारा 16 एवं 17 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत 20 वर्ष का सश्रम कारावास'' एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### डिफॉल्टर होने के साथ ही शिक्षकों की सिविल भी ख़राब हुई

अशोकनगर। मध्यप्रदेश में शासन के आदेशानुसार माह की एक तारीख़ को सरकारी कर्मचारियों वेतन भुगतान करने का प्रावधान है। लेकिन अशोकनगर जिले में अशोकनगर विकासखंड के शिक्षकों को फरवरी माह का दूसरा सप्ताह बीत जाने के बाद भी फरवरी माह का वेतन नहीं मिला। राज्य शिक्षक उत्थान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि शिक्षक अपने लोन की किश्त निर्धारित समय पर न जमा होने से डिफॉल्टर हो गए, वहीं उनकी सिविल भी ख़राब हो गई। वह अपनी आर्थिक ज़रूरतों के लिए परेशान भी हो रहे हैं। जबकि मुंगावली विकासखंड में शिक्षकों का वेतन विगत माह भी और इस माह भी समय पर मिला है। मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ वेतन भुगतान में लगभग महीने भर के विलम्ब के उत्तरदायियों को चिह्नित कर उन पर कार्यवाही की मांग करता है। मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ विभागीय प्रशासन के इस रवैए पर अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए शिक्षकों को नियमानुसार हर माह की एक तारीख़ को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग करता है। पिछले महीने भी यही हुआ था। साथ ही विगत माह का वेतन एवं क्रमोन्नति एरियर अविलंब दिए जाने की मांग को दोहराता है। अन्यथा की स्थिति में शिक्षक सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

---

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पानी चौपाल आयोजित की गई



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली**

जल गंगा सवर्धन अभियान 2026 एवं संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत मल्हारगढ में खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विधायक मुंगावली बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन किले के अंदर रखा गया था एवं किले के पास वाले तालाब में सभी जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों व ग्रामीणजनो के जनसहयोग से श्रमदान कर किले की साफ-सफाई एवं तालाब से गाद निकालने का कार्य किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तृत रूप जनसहयोग के माध्यम से करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत पानी चौपाल आयोजित की गई। पानी बचाने के संबंध में मुंगावली द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई। संकल्प से समाधान अन्तर्गत हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी इसरार खान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आलोक इटोरिया, धर्मेन्द्र जैन, नरेश ग्वाल, रामराजा दांगी, समस्त विभाग प्रमुख विकासखंड अधिकारी, मोहर सिंह गुर्जर, निरंजन सिंह राजपूत सचिव ग्राम पंचायत मल्हारगढ, पदम यादव ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत मल्हारगढ एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहें।



### हिंदू नव वर्ष महोत्सव श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मनाया गया

अशोकनगर। स्थानीय यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में गुरुवार को मनाया गया। हिंदू नव वर्ष गुड़ी परमा महोत्सव मार्कंडेय पुराण के अनुसार उन्होंने बताया कि श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालु ओं द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती पाठ मध्यम चरित्र के साथ किया जा रहा है। जिसमें कवच अर्गला कीलक देवी सूक्त रात्रि सूक्त सिद्ध कुंज का स्त्रोत दुर्गा अष्टोत्तर सतनाम स्तोत्र किया जा रहा है जिसमें आज विधिवत पांच उपचार से एक कन्या का पूजन किया गया। पूजन में फल फल मेवा मिठाई एवं चुनरी भेंट स्वरूप में दी गई अन्य कन्याओं का भी सम्मान किया गया। गुड़ी पड़वा को प्रथम दिन के पाठ में शैलपुत्री के नाम से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा अपने पहले स्वरूप में शैलपुत्री के नाम से जानी जाती है पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा यह माता बैल पर सवार रहती हैं माता जी के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है यह नवदुर्गा में प्रथम दुर्गा है नवरात्र पूजन में इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है इनकी उपास नासे योगी जन अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं यह माता दीन दुखी की सेवा करने से बहुत प्रसन्न होती हैं। यह माता पर्वत राज की पुत्री होने के कारण विशेष धैर्य धारण करने वाली हैं।

## लोधी समाज ने रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया, योगदान याद किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा**



चौराहा पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के स्वाभिमान के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाली अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 168वीं पुण्यतिथि है। 20 मार्च को बलिदान दिवस के रूप में रानी अवंती बाई की पुण्यतिथि मनाई जाती है। बता दें कि रानी अवंतीबाई ने अपनी मातृभूमि पर ही देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। अवंती बाई के बलिदान दिवस पर देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहा है। इस अवसर पर समस्त नेतागण और समाजजनों ने रानी अवंती बाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी अवंती बाई स्वाधीनता संग्राम में शहीद होने वाली पहली महिला वीरांगना थीं। 1857 की क्रांति में रामगढ़ की महारानी अवंती बाई रेवांचल के मुक्त आंदोलन की सूत्रधार थीं। अवंती बाई ने अंग्रेजों से ऐतिहासिक युद्ध किया, जो भारत की आजादी में बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अजय राजपूत, नीरज लोधी युवा नेता(बदरखा),गिरबल राजपूत,जयपाल लोधी,अमित लोधी, जितेंद्र लोधी, गोलू लोधी, हेमू राजपूत, दीपक तिवारी सहित मौजूद रहे।

---

यह आस्था, भक्ति और श्रद्धा का पर्व, मां की आराधना भक्ति भाव से की जाएगी

# नवरात्रि महापर्व की शुरुआत, शीतला माता के दरबार में घट स्थापना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

नवरात्रि महापर्व की शुरुआत घट स्थापना से की गई। सुबह की भोर में हजारों महिलाएं शीतला माता के दरबार में जल अर्पित करने पहुंची। नवरात्रि की शुरुआत गुरूवार से हो गई है। यह पर्व आस्था, भक्ति और श्रद्धा का पर्व है। इस पर्व पर मां की आराधना भक्ति भाव से की जाएगी।

#### शीतला मां के दरबार में हजारों महिलाएं पहले दिन पहुंची

शहर में शीतला माता के दरबार में हजारों महिलाएं सुबह की भोर में जल चढ़ाने पहुंची और माता का अभिषेक किया गया। यह आयोजन लगातार नौ दिनों तक चलेगा। नवरात्रि का पर्व खुशी और उत्साह का संदेश लेकर आता है यह पर्व घर में खुशहाली संपन्नता और देवी मां की आराधना से शक्ति प्राप्त करने का पर्व है। इसी पर्व को लेकर जन समूह में अपार उत्साह लोगों में देखा जा रहा है। आस्था, कुमकुम और पूजा के थाल आज से लगना प्रारंभ हो गए हैं। अशोकनगर शहर में नवरात्रि के पहले दिन से शीतला माता के दरबार में जल अर्पित करने के लिए महिलाएं पहुंचना प्रारंभ होती हैं।



#### 25 हजार महिलाएं प्रतिदिन पहुंच रही माता के दरबार में

25 हजार से अधिक महिलाएं प्रतिदिन माता का अभिषेक करने के लिए पहुंचती हैं। सुबह की भोर में 4 बजे से महिलाएं अपने घर से निकलना प्रारंभ करती हैं जो दोपहर 12:00 बजे तक कार्यक्रम चलता रहता है। महिलाओं की भीड़ इतनी रहती है की गिनती कर पाना मुश्किल है सारे वर्गों की महिलाएं यहां पहुंचती है और माता को जलप्रपात करती है। शीतला माता का दरबार माता की आराधना और भक्ति के साथ प्रारंभ होता है। यह माता यहां के लिए शुभ संदेश लेकर आती है, कोई भी मंगलकारी पर्व सबसे पहले शीतला माता का दरबार में ही जाकर पूजा अर्चना की जाती है। यहां शीतला माता के दरबार के साथ अनेक मंदिर है यहां भी महिलाएं जल अर्पित करती हैं। महिलाएं अपने घरों से पात्रों में जल लेकर पहुंचती है और कई महिलाएं इस स्थान पर शुद्ध जल लेकर अर्पित करती हैं। शीतला माता का दरबार यहां की सबसे बड़ी देवी मां का दरबार है जो अत्यंत मंगलकारी है शुभकारी है।

---

शहर में हिंदू नव वर्ष की शुरूआत कई कार्यक्रमों से हुई

## चल समारोह निकाला गया, महाराष्ट्र समाज ने अपने घरों पर गुड़ी टांगी





अशोकनगर। हिन्दू नव वर्ष हमारी संस्कृति का एक ऐसा पर्व है जो भक्ति भाव से मनाया जाता है, हिन्दू नववर्ष के मौके पर शहर में एक चल समारोह निकाला गया, महाराष्ट्र समाज द्वारा घर घर पर गुड़ी टांगी और गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया।महाराष्ट्र समाज में गुड़ी टांगने की प्रथा सदियों से चली आ रही है, यह गुड़ी टांगना सम्पन्नता, समृद्धि और विजय का प्रतीक मानी जाती है। महाराष्ट्र समाज के प्रमुख तानाजी राव भोंसले ने बताया कि गुड़ी पड़वा से ही मराठी नववर्ष की शुरूआत होती है। महाराष्ट्र समाज के परिवार जनों द्वारा घर के ऊपर या घर के मुख्य द्वार पर यह गुड़ी टांगी जाती है। इन्हें बांस की डंडी पर रेशमी कपड़ा और नीम व आम के पत्तों के साथ कलश को सजाकर बनाया जाता है ताकि परिवार में सुख शांति और सम्पन्नता बनी रहे। गुड़ी पड़वा के दिन नीम की पत्तियां खाना भी स्वास्थ्य के लिए लाभ दायक माना जाता है इस दिन लोग नीम तोड़कर लाते हैं और नीम की कोपले खातें हैं और नीम की गोलियां भी बनाकर खाई जाती हैं। कहते हैं कि यह दिन राजा शालिवाहन की विजय के रूप में मनाया जाता है। हिन्दू नव वर्ष के मौके पर ध्वज यात्रा का आयोजन भी किया गया, हिन्दू विकास जन सेवा समिति द्वारा भक्ति भाव से यह ध्वज यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत तारवाले बालाजी मंदिर से की गई, यहां हनुमानजी महाराज की पूजा अर्चना की गई और ध्वज अर्पित कर गाजे बाजो के साथ यह यात्रा ध्वज फहराते हुए की गई। सुबह की भोर में यह यात्रा निकाली गई जो शहर के गांधी पार्क, स्टेशन रोड, पुराना बाजार आदि मार्गों से होकर निकली, इस यात्रा का समापन राज राजेश्वर मंदिर पर की गई।